प्रीलिम्स फैक्ट्स: 25 जून, 2019

- RBI की शिकायत प्रबंधन प्रणाली
- अंबुबाची मेला
- लुलकिोनाज़ोल

RBI की शकिायत प्रबंधन प्रणाली

(Complaint Management System-CMS)

भारतीय रज़िर्व बैंक (Reserve Bank of India- RBI) ने कसिी भी वनियिमति इकाई के खलिाफ शकिायत दर्ज करने के लयिे एकल खड़िकी के रूप में RBI की वेबसाइट पर शकिायत प्रबंधन प्रणाली (CMS) की शुरुआत की है।

//

- इस प्रणाली को शुरू करने का उद्देश्य शकिायतों का समय से समाधान कर ग्राहकों को बेहतर अनुभव प्रदान करना है।
- RBI के अनुसार, इस प्रणाली को शुरू करने से पारदर्शति में वृद्धि होगी।
- इस प्रणाली की सहायता से ग्राहक सार्वजनकि/पब्लकि इंटरफेस वाली कसिी भी वनियिमति इकाई जैसे- वाणज्यिकि बैंक, शहरी सहकारी बैंक और गैर-बैंकगि वतितीय कंपनी (Non-Banking Financial Company- NBFC) के खलिाफ ऑनलाइन शकिायत दर्ज करा सकते हैं।

- CMS के माध्यम से दर्ज की जाने वाली शिकायत को उपयुक्त लोकपाल कार्यालय (Office of the Ombudsman) या रिज़र्व बैंक के क्षेत्रीय ऑफिस को भेज दिया जाएगा।
- CMS को डेस्कटॉप और मोबाइल दोनों के ज़रिये एक्सेस किया जा सकता है।
- भारतीय रिज़र्व बैंक CMS के डेटा को विश्लेषण के लिये उपयोग कर सकता है जिसका उपयोग आवश्यकता पड़ने पर विनियामक और पर्यवेक्षी हस्तक्षेप के लिये किया जा सकता है।
- ग्राहकों द्वारा दर्ज शिकायतों के स्टेटस को ट्रैक करने के लिये रिज़र्व बैंक एक डेडीकेटेड इंटरेक्टिव वॉइस रिस्पॉन्स (IVR) सिस्टम भी लागू करने की योजना बना रहा है।

अंबुबाची मेला

(Ambubachi Mela)

गुवाहाटी (असम) के कामाख्या मंदिर में वार्षिक रूप से अंबुबाची मेले का आयोजन किया जाता है। इस मेले का आयोजन देवी की रजस्वला अवधि के दौरान किया जाता है।

- गुवाहाटी में नीलाचल पहाड़ियों पर स्थति कामाख्या मंदरि 51 शक्तपीठों में से एक है।
- अंबुबाची मेला देवी कामाख्या की प्रजनन क्षमता का प्रतीक है।
- मंदरि में कोई मूर्तनिहीं है।
- देवी कामख्या को **सदि्ध कुबजकि** के रूप में भी जाना जाता है। इनकी पहचान काली और महा त्रपिुर सुंदरी के रूप में भी है।
- इस मेले को **पूरव के 'महाकुंभ'** के रूप में भी जाना जाता है क्योंकयिह दुनयिा भर से लाखों भक्तों को आकरषति करता है।

महत्त्व

- रजस्वला के समय को अनुष्ठान के रूप में मनाने के कारण भारत के अन्य हस्सिों की तुलना में असम में मासकि धरम से जुड़ी वरजनाएँ कम हैं। असम में लड़कयिों को नारीत्व की प्राप्तकिो भी उत्सव/रस्म के रूप में मनाया जाता है जसि **'तुलोनी बया'** कहा जाता है, इसका अरथ है छोटी शादी।
- अंबुबाची मेला मासकि धरम स्वच्छता के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने का भी एक अवसर है।

लुलकिोनाज़ोल

(Luliconazole)

हमदरद इंसटीट्यूट ऑफ मेडकिल साइंसेज एंड रसिर्च (दलि्ली) के शोधकरत्ताओं ने एक वशिषि्ट पारभासी नाखून रोगन (Novel Translucent Nail Lacquer), लुलकिोनाज़ोल (Luliconazole) वकिसति कयिा है, जो एक प्रकार की कवक-प्रतरिोधी (Antifungal drug) औषधहिै तथा ओनकिोमाइकोससि (नखकवकता) (Onychomycosis) के उपचार में सहायक है।

- इस दवा में, जल्दी सूखने वाले बहुलक (Polymer) मलिाया गया है और इसे नेल पॉलशि की तरह आसानी से प्रयोग कयिा जा सकता है।
- शोधकरत्ताओं ने इस दवा का परीक्षण गौवंशीय पशुओं के खुरों पर कयिा, क्योंकउिनकी संरचना मानव नाखूनों के समान होती है।

ओनकिोमाइकोससि (Onychomycosis)

- यह सामान्यतः जीवों के पैरों और हाथों के नाखूनों में होने वाला कवकीय संक्रमण (Fungal Infection) है जो ट्राइकोफाइटन रूब्रम (**Trichophyton rubrum**) नामक कवक के कारण होता है।
- ओनकिोमाइकोससि संक्रमण नाखूनों से संबंधति लगभग आधे से अधकि बीमारयिों के लयि ज़मि्मेदार होता है।
- इसके कारण नाखून टूटने लगते हैं, उनका रंग मलनि हो जाता है और नाखूनों के आकार में भी वकिृतउित्पन्न हो जाती है।
- यह संक्रमण हाथों के नाखूनों की तुलना में पैरों के नाखूनों को अत्यधकि प्रभावति करता है क्योंकपिैरों के नाखूनों की वृद्धधिीमी गतसि होती है, रक्त आपूरतकिम होती है और प्रायः ये अंधेरे और नम वातावरण के संपरक में रहते हैं तथा ये सभी परसि्थतियिाँ कवक वृद्धकिे अनुकूल होती हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-25-june-2019